जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित
(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक
# हमारा वतन
देश का अपना अखबार
ہمارا وطن ہفت روزہ
संस्थापित 1965


संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी


संरक्षक
स्व. श्री बाबू लाल सैनी


सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 59 अंक-36 जयपुर, सोमवार, 25 सितम्बर, 2023 वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) पृष्ठ संख्या 4

## मिसेज दिवा चौमूं सीजन 4

# ग्रामीण महिलाओं ने बिखेरे जलवे




## आरती सैनी ने जीता मिसेज दिवा चौमूं का ख़िताब

### अध्यक्ष जगविन्द्र कौर की मंच से दहाड़ विधायक रामलाल शर्मा हमारे नेता

### वीमेन वेलफेयर सोसायटी ने किया ग्रांड ब्यूटी कॉन्टेस्ट का आयोजन

### 1500 से भी ज्यादा महिला दर्शक पहुंची कार्यक्रम में

**राम गोपाल सैनी**

**जयपुर (हमारा वतन)।** यूँ तो बहुत सारी संस्थाएँ महिला सशक्ति करण का दंभ भरती हैं लेकिन सच्चे मायनों में महिला सशक्ति करण वीमेन वेलफेयर सोसायटी कर रही है । जो महिलाओं के सपनों को पंख देने का काम कर रही है। अपने पैरों पर खड़ा कर रही है । जी हां चौमूं शहर में वीमेन वेलफेयर सोसाइटी की अध्यक्ष जगविन्द्र कौर ने अपने दम पर चौमूं विधानसभा क्षेत्र की महिलाओं को सशक्त करने का बीड़ा उठाया है। इसको लेकर नेशनल हाईवे 52 स्थित आर चंद्राज पैलेस में मिसेज दिवा चौमूं - सीजन 4 ब्यूटी कॉन्टेस्ट का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया ।

## जगविन्द्र कौर ने मंच से लगाई दहाड़

जगविन्द्र कौर ने महिला समूह को संबोधित करते हुए कहा कि ये हम दहाड़ कर कहते हैं कि विधायक रामलाल शर्मा हमारे नेता हैं और हम सभी महिलाएँ इन्हें बहुत आगे लेकर जाएंगी । इतना कहते ही हजारों की संख्या में बैठी महिलाओं ने जोरदार तालियों के साथ एक स्वर में इसका समर्थन किया । कार्य  म का शुभारंभ अतिथियों ने सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया । गोल्डन बेल्स एकेडमी के स्टूडेंट्स ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर तालियाँ बटोरीं । इस ब्यूटी कॉन्टेस्ट में करीब 100 महिलाओं ने अपने टैलेंट का प्रदर्शन किया । सबसे पहले ट्रेडिशनल राउंड हुआ, फिर डांस राउंड, उसके बाद वेस्टर्न राउंड और अंत में क्वेश्चन - आंसर राउंड हुआ, जिसमें महिलाओं ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां और जवाब देकर निर्णायक मंडल को असमंजस में डाल दिया ।

निर्णायक मंडल में मॉडल शोभा राठौड, मॉडल विनीता सैनी, मॉडल बबीता सैनी और समाजसेवी अंजना शर्मा मौजूद रही । मिसेज दिवा चौमूं - सीजन 4 का खिताब आरती सैनी ने अपने नाम किया । पिछले साल की विजेता अन्नू महादेव ने आरती सैनी को ताज़ पहनाया । दूसरे स्थान पर लक्ष्मी सैनी और तीसरे स्थान पर प्रतीक्षा अग्रवाल रही । ब्यूटी कॉन्टेस्ट में भाग लेने वाले सभी महिलाओं ने कहा कि हम पहली बार घर की दहलीज से बाहर निकलकर अपने टैलेंट का प्रदर्शन कर रही हैं, जिसका श्रेय मैडम जगविन्द्र कौर को जाता है, जिन्होंने जोश भरकर हमें मंच प्रदान किया । इस दौरान मैनेजर सरोज चौधरी, किशन शर्मा, शीला शर्मा, प्रियंका चौधरी, सुनीता नरुका, वर्षा चौधरी, रेखा अग्रवाल, मीरा यादव, अनीता चौधरी का विशेष सहयोग रहा । इसके साथ ही प्रोग्राम को सफल बनाने में कैलाश चौधरी, मुकेश सिद्ध और आलोक जांगिड का भी सराहनीय योगदान रहा । मंच का प्रभावी संचालन एंकर नेहा शर्मा और संजय शर्मा ने किया ।

### महिलाओं की इतनी बड़ी संख्या देखकर अभिभूत हूं -रामलाल शर्मा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि महिलाओं की इतनी बड़ी संख्या को देखकर मैं अभिभूत हूं और इस कार्यक्रम की कोर टीम को मैं बधाई देता हूं । वीमेन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वावधान में एक नहीं अनेकों कार्यक्रम होते हैं । सोसाइटी की अध्यक्ष जगविन्द्र कौर मेम ने मिट्टी को तराशकर उनके टैलेंट को मंच प्रदान कर आगे लाने का प्रयास किया है, जो काबिले तारीफ है ।











# जय श्री श्याम आईटीआई में हुआ कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन

**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के सिंगोद खुर्द रोड, पीपली स्टैंड के पास धोबलाई स्थित जय श्री श्याम आईटीआई में कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अलवर जिले के कठूमर एसडीम सुनील कुमार झिंगोनिया रहे । विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत धोबलाई के सरपंच रमेश कुमार शर्मा, पूजा इंटरनेशनल स्कूल ईटावा भोपजी के निदेशक महिपाल सिंह चौधरी, रोशन झिंगोनिया और समाजसेवी रीचा शर्मा रहे।





कौशल दीक्षांत समारोह का माता सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया । संचालक तेजपाल सैनी ने सभी अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत किया । समारोह में 2023 में उत्तीर्ण सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए । परिक्षेत्र में प्रथम स्थान पर रहने वाले राजीव कुमावत पुत्र मुकेश कुमार कुमावत द्वारा 96.42 प्रतिशत प्राप्त करने पर संस्थान द्वारा 21 हजार रुपए का चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

एनसीवीटी द्वारा जारी 2023 के सेकंड ईयर के परिणाम में प्रथम स्थान राजीव कुमावत 96.42, द्वितीय स्थान पर सांवरमल कुमावत 88.33, तृतीय स्थान पर कैलाश चंद प्रजापत 87. 86 प्रतिशत को सम्मानित किया। इसी के साथ प्रथम वर्ष के परिणाम में महेंद्र सिंह शेखावत 92%, प्रदीप यादव 92%, द्वितीय स्थान राहुल सैनी 90.33, सुरेश कुमार यादव 90.33, तृतीय स्थान प्रेमचंद कुमावत 90% को सम्मानित किया । 2023 की जिला मेरिट सूची में नवीन प्रजापत ने आठवीं रैंक प्राप्त की तथा अंकित यादव ने 22वीं रैंक प्राप्त की । 2022 की जिला मेरिट सूची में अभिषेक यादव 11वीं रैंक तथा राहुल कुमार धांसिल ने तहसील में 22वीं रैंक प्राप्त की । शिक्षक दिवस पर बच्चों के द्वारा अध्यापन कार्य में सौरभ गोस्वामी ने प्रथम, सुखदेव गुर्जर ने द्वितीय और नरेंद्र कुमार शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इसी दौरान सरकारी सेवाओं में चयनित रेवत कुमार सैनी, रामावतार सिंह, रामनिवास गुर्जर, अर्जुन लाल सैनी, सुनीता जाट, प्रकाश चंद कुमावत, फूलचंद देवंदा, सोनू यादव, शंकर लाल यादव, नरेंद्र गढ़वाल को भी सम्मानित किया गया ।

संस्थान निदेशक तेजपाल सैनी ने बताया की जय श्री श्याम आईटीआई का परीक्षा परिणाम हमेशा से ही चौमूं तहसील में सर्वश्रेष्ठ रहता है । आईटीआई के साथ 12 वीं बोर्ड की कक्षा विज्ञान संकाय से करवाई जाती है, जिसमें संस्थान ने 70 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों को आईटीआई के साथ 12वीं विज्ञान से करवाई है ।

संस्थान के संरक्षक हजारीलाल सैनी ने बताया कि आईटीआई में समय-समय पर बेहतर परिणाम तो देती है । इसी के साथ संस्थान में कैंपस प्लेसमेंट भी करवाए जाते हैं । कार्यक्रम में अध्यापक विकास सैनी, गजानंद जाट, रामावतार शर्मा, हेमंत जाट, मुकेश कुमार टेलर, शंकर लाल सैनी, अभिषेक यादव ,रोहिताश जाखड़ ,अरविंद सैनी, नरेंद्र सैनी ने सहयोग किया ।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बंधा समां** -संस्थान के स्टूडेंट्स ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया । जिसमे पिंकी सैनी, तनु, जगुनी, अनु, सपना, ईशान्वी, ताहिर ,अभिजीत ,अभिनव, शंकर लाल, नरेंद्र शर्मा, सौरभ गोस्वामी, आशीष, दीपक, बलदेव, केशव शर्मा के द्वारा प्रस्तुतियां दी गई ।

# राजस्थान रॉयल्स जिम का हुआ भव्य उद्घाटन

**चौमूं (हमारा वतन)।** आज फिटनेस का ज़माना है इसी को देखते हुए चौमूं नगर परिषद के मोरीजा रोड स्थित कृष्णा हॉस्पिटल के सामने राजस्थान रॉयल्स जिम का भव्य शुभारंभ हुआ । जिम संचालक शंकर लाल योगी ने बताया कि हमारे यहां जिम करने के सभी प्रकार के आधुनिक उपकरण मौजूद हैं । योग की विशेष क्लासें और मोटिवेशनल सेमिनार भी समय-समय पर आयोजित किए जाएंगे । विद्वान पंडितों द्वारा पूर्ण विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई । जिम के डायरेक्टर शंकर योगी, एमडी कौशल कुमार योगी, बनवारी लाल योगी, कमला देवी , दामा देवी ,सुमन देवी मनीषा योगी द्वारा सभी अतिथियों का माला और साफा पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया ।



इस दौरान राजस्थान नाथ समाज के प्रदेश महामंत्री देवेंद्र योगी, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार योगी, चुनाव समिति सदस्य किशन योगी,सामाजिक कार्यकर्ता लल्लू बाबा, जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष विनोद कुमार योगी, पवन कुमार योगी, कैलाश योगी, विधायक रामलाल शर्मा, जिला अध्यक्ष जयपुर उत्तर देहात श्याम शर्मा, नगर परिषद सभापति चौमूं विष्णु कुमार सैनी, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी से छुट्टन लाल यादव , कजोड़मल योगी चिमनपूरा, डॉ. शिखा मील बराला, आमेर विधानसभा से विजय शर्मा, सलमान कुरेशी, डॉ.हनुमान बराला,कांग्रेस नेत्री रुक्मणी कुमारी , सुरेश गोदारा, बाहुबली हीरा लाल चौधरी, मिस्टर राजस्थान रवि सोनी, मिरर फिटनेस क्लब के डायरेक्टर मुकेश कुमार मीणा ,मनीष मीना, जय हिंद क्लासिक बॉडी चैंपियनशिप के फाउंडर बिकेंद्र बिजारणिया , इंडियन बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव लोकेश कुमार, मनीष योगी , पंकज योगी, प्रभात ,मिस्टर राजस्थान 2023 अमन पंचोली, मिस्टर जयपुर 2023 अजय शर्मा सहित सैकड़ों लोगों ने शिरकत की ।

# सोल डांस एकेडमी के शुभारंभ पर नृत्य गुरु उषा श्री ने कहा- नृत्य और योग आत्मा से परमात्मा का मिलन होता है

**जयपुर (हमारा वतन)।** नृत्य परमानन्द का साधक होता है और नृत्य भगवान देवी देवताओं का प्रिय माना गया है और नृत्य और योग आत्मा से परमात्मा का मिलन होता है । यह बात जयपुर में सोल डांस एकेडमी और योग फिटनेस सेंटर के शुभारंभ के दौरान नृत्य गुरू उषा श्री ने कही । एकेडमी की डायरेक्टर नेहा विजयवर्गीय व पुनित जांगिड द्वारा संचालित एकेडमी के शुभारंभ पर दर्जनों हिन्दी व राजस्थानी फिल्मों



एवं धारावाहिकों में काम कर चूके प्रसिद्ध अभिनेता व राजकीय सम्मान से सम्मानित राज जांगिड भी उपस्थित हुए । उद्घाटन के अवसर पर आए अतिथियों को बताया की नृत्य धर्म, अर्थ , काम ,मोक्ष और साधना है । जांगिड ने बताया की ये नृत्य हिंदू देवी देवताओं का प्रिय माना गया है और भगवान विष्णु के अवतार कृष्ण का भी यह नृत्य प्रिय रहा है। इस दौर में पवित्र नृत्य को सिनेमा ने अपनाकर फूहड़ता प्रदान कर भारतीय संस्कार व संस्कृति को नष्ट कर रहे है ।

# पंडित रविन्द्राचार्य ने किया जयपुर एअरपोर्ट कंट्रोलर बृजलाल स्वामी का सम्मान



**जयपुर (हमारा वतन)।** तारा ज्योतिष साधना केंद्र जयपुर के अध्यक्ष और अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य ने कार्यालय में पधारने पर Controller in AOCC Jaipur International Airport बृजलाल स्वामी का सम्मान किया । आचार्य ने सम्मानस्वरूप बृजलाल स्वामी को बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर , श्याम कलम देकर सम्मानित किया और इनके उज्जवल भविष्य की कामना की । इस दौरान सुनील शर्मा ,मुकेश शास्त्री, नेहा सोनी, सुमित पाराशर आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# धूमधाम से आयोजित हुई राष्ट्रीय कवि चौपाल दौसा की 50वीं काव्य गोष्ठी

**दौसा (हमारा वतन)।** राष्ट्रीय कवि चौपाल, दौसा के तत्वावधान में बजरंग मैदान,दौसा में 50वीं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय भरतपुर के अधिकारी जगदीश प्रसाद बैरवा, अध्यक्षता महेश चन्द मीना मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक रेलवे ने की। विशिष्ट अतिथि जिला साक्षरता अधिकारी राजीव व्यास रहे। कवियों को माला, दुपट्टा, प्रशस्ति पत्र एवम् प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कृष्ण कुमार सैनी एवं जगदीश प्रसाद बैरवा ने कवियों को अपनी अपनी पुस्तक की प्रतियां भेंट की। मुख्यातिथि जगदीश बैरवा ने



साहित्यकारों को अपनी रचना कसौटी के लिए मार्गदर्शन किया। अध्यक्षता कर रहे महेश चन्द मीना ने साहित्य व स्वास्थ्य दोनों विषय पर अपने विचार रखें। साथ ही राष्ट्रीय कवि चौपाल द्वारा साहित्य के लिए किये जा रहे कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में कवियों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी, जिनमें राजकुमार शर्मा ने सरस्वती वंदना के साथ ही धर्म की महत्ता पर अपनी रचना सुनाई। कवि कृष्ण कुमार सैनी ने काव्य गोष्ठी में पधारे हुए सभी अतिथियों व कवियों का आभार प्रकट किया।

# लक्ष्मीकांत गहलोत बने खादी एवं ग्रामोद्योग प्रकोष्ठ के जोधपुर जिला अध्यक्ष

**जोधपुर (हमारा वतन)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी खादी एवं ग्रामोद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. परमानंद पंवार ने जोधपुर निवासी लक्ष्मीकांत गहलोत को जोधपुर जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया है । यह नियुक्ति कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार खादी एवं ग्रामोद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. परमानंद पंवार द्वारा की गई है । नियुक्ति पत्र में कहा कि आपकी नियुक्ति से पार्टी एवं संगठन को प्रदेश में और अधिक मजबूती मिलेगी ।



# जॉब्स

1. आईडीबीआई बैंक लिमिटेड, पद असिस्टेंट मैनेजर, पद संख्या 600, अंतिम तिथि 30 सितंबर 2023
2. उत्तर प्रदेश पब्लिक सर्विस कमिशन, पद स्टाफ नर्स, पद संख्या 2240, अंतिम तिथि 29 सितंबर 2023
3. रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया, पद असिस्टेंट, पद संख्या 450, अंतिम तिथि 4 अक्टूबर 2023
4. उत्तर प्रदेश सबोर्डिनेट सर्विस सिलेक्शन कमिशन, पद फॉरेस्ट गार्ड, वाइल्ड लाइफ गार्ड, पद संख्या 709, अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2023
5. आरपीएससी, पद स्टैटिकल ऑफिसर, पद संख्या 72, अंतिम तिथि 14 अक्टूबर 2023
6. स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया, पद पीओ पद संख्या 2000, अंतिम तिथि 27 सितंबर 2023
7. आरपीएससी, पद लाइब्रेरियन, पीटीआई, पद संख्या 533, अंतिम तिथि 5 अक्टूबर 2023,
8. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद दिल्ली पुलिस कांस्टेबल, पद संख्या 7547, अंतिम तिथि 30 सितंबर 2023




## कंगना रनौत ने बताया पहले क्यों पहनती थीं छोटे कपड़े और अब क्यों पहनने लगीं साड़ी

कंगना रनौत के साड़ी लुक के अक्सर चर्चे होते हैं। वह एयरपोर्ट्स से लेकर इवेंट्स तक हर जगह खूबसूरत साड़ियों में नजर आती हैं। अब एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि उनकी ड्रेसिंग स्टाइल में यह बदलाव कैसे आ गया। कंगना ने भारत और इंडिया डिबेट पर भी अपनी राय रखी। उन्होंने विपक्ष गठबंधन का नाम इंडिया होने पर भी तंज कसा। कंगना ने कहा कि उन्हें इंडिया शब्द से नफरत नहीं है बल्कि भारत कहना पसंद है।



**अब इस वजह से पहनती हैं साड़ी**-कंगना रनौत का कहना है कि विपक्ष के सदस्यों पर भ्रस्टाचार का आरोप है फिर भी गठबंधन का नाम INDIA रख लिया। किसी ने आपत्ति नहीं जताई क्योंकि लोकतांत्रिक देश है। कंगना टाइम्स नाऊ से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने बताया कि भारतीय होने में पहले उन्हें शर्म आती थी इसलिए वह शॉर्ट्स और वेस्टर्न कपड़े पहनती थीं। कंगना बोलती हैं, मैं कुछ भी लगना चाहती थी लेकिन भारतीय नहीं। क्योंकि हमारे देश को तब गरीब समझा जाता था। अब मुझे अपनी संस्कृति पर गर्व है, मुझे साड़ी पहनने का मन करता है। **कंगना बोलीं- नहीं है राजनीति की जानकारी**-कंगना आगे बोलती हैं, इसलिए जब आप आपनी संस्कृति की अहमियत समझते हैंतो आपके पास इसे अपनाने का ऑप्शन होता है। कंगना ने यह भी बताया कि उन्हें भारत कहना क्यों पसंद है। वह बताती हैं, अब मुझे भारत कहना अच्छा लगता है लेकिन कभी-कभी मैं इंडिया भी कहती हूं लेकिन जब जुबान फिसल जाती है। मुझे इससे नफरत नहीं है। वो भी हमारा पास्ट था। कंगना ने यह भी कहा कि वह खबरें नहीं देखती न ही

## रातों-रात फिल्म से बाहर हुई थीं नीना गुप्ता, कहा- डायरेक्टर ने मुझे बुलाया और...

अभिनेत्री नीना गुप्ता की दूसरी पारी भी पहली की तरह ही सफल रही है और कई बेहतरीन रोल्स से उन्होंने दर्शकों का दिल जीता है। बीते कुछ वक्त में ही नीना ने लस्ट स्टोरीज 2, वध, ऊंचाई, गुड बाय, डायल 100 आदि जैसी फिल्मों के लिए खूब वाहवाही लूटी है। एक वक्त था जब नीना गुप्ता ने एक सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से काम मांगा था और अब उनके पास काम की कमी नहीं है। हालांकि इस बीच हाल ही में उनके साथ ऐसा हुआ जब उन्हें रातों-रात फिल्म से बाहर कर दिया गया। हिन्दुस्तान संग बातचीत के दौरान नीना गुप्ता ने इसका जिक्र किया है।



**स्टार किड की वजह से रोल खोया**...चार्ली चोपड़ा के इंटरव्यू के दौरान वामिका गब्बी से पूछा गया कि क्या कभी किसी स्टार किड की वजह से कोई रोल खोया है? इस पर तपाक से नीना गुप्ता अपनी बात रखती हैं और कहती हैं, मुझे तो अब भी हटा दिया जाता है। अभी एक डायरेक्टर ने मुझे बुलाया था, करीब एक साल या 9-10 महीने पहले की बात है। मुझे बुलाया और कहा कि तुम्हें ये रोल करना ही है, करना ही है और करना ही है। कहा कि स्क्रिप्ट नहीं देंगे, बहुत अच्छा रोल है.. लेकिन तुम्हें ये रोल करना ही है।

**उस वक्त बुरा लगता है लेकिन**...नीना गुप्ता आगे कहती हैं, मुझे बहुत पुश किया तो मैंने कहा- हां ठीक है। थोड़े दिन में मैंने देखा कि दूसरी एक्ट्रेस उनके ऑफिस जा रही थी। इंस्टा पर देखा मैंने कि उसे रोल दे दिया है। तो ये होता है, अब भी होता है।

## महिला आरक्षण बिल पर तमन्ना ने ऐसा क्या कहा कि होने लगीं ट्रेंड, शिल्पा शेट्टी और भूमि पेडनेकर ने भी किया रिएक्ट

तमन्ना भाटिया, भूमि पेडनेकर और शिल्पा शेट्टी ने महिला आरक्षण बिल पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, संसद में महिला आरक्षण बिल पास हो गया है। इस बिल को नारी शक्ति वंदन अधिनियम नाम दिया गया है। इस बिल के तहत संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। राजनीति में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए उठाए गए इस कदम की हर कोई सराहना कर रहा है। शिल्पा शेट्टी, भूमि पेडनेकर और तमन्ना भाटिया ने भी अपनी खुशी जाहिर की है।



**क्या बोलीं तमन्ना भाटिया?** तमन्ना भाटिया नए संसद भवन पहुंची। जब उनसे महिला आरक्षण बिल के बारे में पूछा गया तब उन्होंने कहा, इस बिल की वजह से आम जनता राजनीति में शामिल होने के लिए प्रेरित होगी। हमारी इंडस्ट्री में आने से पहले लोग सौ बार सोचते हैं कि कुछ अच्छा कर पाएंगे या नहीं? ठीक उसी तरह राजनीति के लिए भी सोचते हैं। लेकिन, ये बिल उन्हें प्रेरणा देगा। बता दें, जब से तमन्ना का बयान सामने आया है तब से वह सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही हैं। लोग उनकी सराहना कर रहे हैं। **शिल्पा शेट्टी ने भी किया रिएक्ट**-भूमि पेडनेकर ने बिल की प्रशंसा करते हुए ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा, अब लड़कियां आगे बढ़ सकती हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लाना और महत्वपूर्ण निर्णयों में उनकी भागीदारी को बढ़ाना सच में ऐतिहासिक है! हमारा देश एक उदाहरण स्थापित कर रहा है। शिल्पा शेट्टी ने महिला आरक्षण बिल पास होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्वीट को रीट्वीट किया है। उन्होंने लिखा, जय भारत। अभिनेत्री दिव्या दत्ता भी नए संसद भवन पहुंची। उन्होंने एएनआई से कहा, यह (महिला आरक्षण विधेयक) एक बड़ी पहल है। अच्छा लगता है।



# खराब मूड भी हो सकता है समय से पहले एजिंग के लिए जिम्मेदार

दुख, तनाव, गुस्सा और डर इन सभी का आपके मूड पर अलग-अलग असर होता है। पर क्या आप जानती हैं कि ये असर एक समय के बाद आपकी स्किन पर भी नजर आने लगता है!काम का बोझ ज्यादा है, रिलेशनशिप को लेकर स्ट्रेस में हैं या रात में आपने कोई हॉरर सिरीज देखी हैज. क्या आप जानती हैं कि इनका असर सिर्फ आपके मूड पर ही नहीं, बल्कि आपकी स्किन पर भी हो सकता है। गहन रिसर्च के बाद हमने पता लगाया कि कैसे तनाव, गुस्सा या डर आपकी स्किन को समय से पहले एजिंग का शिकार बना सकते हैं।



**खुश रहना है जरूरी**

हंसी हर मर्ज की दवा है। इस हंसी को हर पल चेहरे पर बरकरार रखना बेहद मुश्किल काम है। क्योंकि जिस तरह से हंसी हमारे मूड का हिस्सा है ठीक उसी तरह से कई और चीजें भी हमारे मूड का हिस्सा हैं। जिन पर चाह कर भी कंट्रोल नहीं किया जा सकता।पर अगर आपका रोजमर्रा का तनाव आउट ऑफ कंट्रोल हो गया तो यह आपकी स्किन को भी प्रभावित कर सकता है। हमने पता लगाया कि कैसे एक खराब मूड आपकी स्किन को एजिंग की तरफ ले जा सकता है।

**क्या कहते हैं शोध** -

शोध के मुताबिक हंसी हमारी स्किन के लिए एक ऐसी खुराक है, जिससे वो एक बार फिर से जी उठती है। वहीं नेगेटिव मूड न केवल हमारी हेल्थ को प्रभावित करता है, बल्कि हमारी स्किन पर भी गहरा असर डालता है। आपका मूड कैसा है, आप क्या सोचती हैं, आप कैसी दिखती हैं? ये सोच आपके मूड को बार-बार बदलती है। और इन्हीं सब का असर आपकी स्किन पर भी पड़ता है। जानना चाहती हैं कैसे? तो बस इसे पढ़ती रहें

**1 टेंशन**-शोधकर्ताओं के मुताबिक टेंशन या तनाव न सिर्फ शरीर को, बल्कि चेहरे को भी बुरी तरह प्रभावित करता है। आप तनाव में हैं, तो आपके चेहरे में बुढ़ापा तेजी से आएगा। तनाव कोर्टिसोल हार्मोन्स की वजह से बढ़ता है। जिससे नई कोशिकाओं की संरचना तेजी से नहीं होती। अक्सर चाकलेट, चिप्स की क्रेविंग तनाव के समय बढ़ जाती है। इतना ही नहीं लोग एल्कोहल तक का सेवन करने लगते हैं, और पानी कम पीते हैं। इन सभी खराब आहार की वजह से चेहरे पर झुर्रियां होने लगती हैं और आप का चेहरे डल दिखने लगता है।

**2 गुस्सा**-अगर आपका स्वभाव बात-बात पर नाराजगी या गुस्सा दिखाने वाला है, तो आप इस बात को सोचिये कि आपके चेहरे पर इसका क्या असर पड़ेगा। गुस्से की वजह से आपके चेहरे की मांसपेशियों में भी तनाव आ जाता है और ये मूड आपकी स्किन को झुर्रियों की ओर ले जाता है। मैक्स हॉस्पिटल, डिपार्टमेंट ऑफ पल्मनोलॉजी एंड स्लीप मेडिसिन, प्रिंसिपल कंसल्टेंट, डॉ. विकास मित्तल के मुताबिक गुस्सैल लोगों के गुस्से को कंट्रोल करने में ज्यादा समय लग सकता है। क्योंकि कोर्टिसोल हार्मोन्स की तीव्रता तेज हो जाती है। जिससे कोलेजन बनने से रुकता है ।

## क्या आप भी हर समय कंप्लेंट करती हैं?

### जानिए आपके लिए कितनी टॉक्सिक हो सकती है ये आदत

जब हम तनाव में होते हैं तो दोस्तों से शिकायत करना स्वाभाविक है, लेकिन इसे मॉडरेशन में ही करना चाहिए। यहां बताया गया है कि आप इससे कैसे निपट सकती हैं।हम अक्सर गंभीर प्रोफेशनल और व्यक्तिगत तनाव से गुजरते हैं, जो हमें लगभग हर समय थका हुआ महसूस कराता है। ज्यादातर समय, हम अपने करीबी लोगों से ही परेशानी बांटते हैं या कंप्लेंट करते हैं। शिकायत करना बिल्कुल भी बुरा नहीं है, लेकिन जब आप इसे लगातार करती हैं, तो यह टॉक्सिक बन सकता है।ऐसा इसलिए है क्योंकि शिकायत करना यह दर्शाता है कि आप अपने जीवन में जो हो रहा है उसे स्वीकार नहीं कर रहे हैं। दुर्भाग्य से, यह एक बहुत ही नकारात्मक ऊर्जा का वहन करता है। इसलिए, जब आप शिकायत करती हैं, तो आप खुद को विक्टिम के रूप में पेश करती हैं।



**शिकायत करने के क्या कारण हैं?**

हम में से अधिकांश के लिए, यह हमारे सामाजिक डीएनए का एक अभिन्न अंग है। वास्तव में, रिसर्च से पता चलता है कि हर मिनट में एक बार शिकायत हो रही होती है। इसके अलावा, ज्यादातर लोग दिन में कम से कम 15-20 बार शिकायत करते हैं। कुछ लोगों के लिए, शिकायत करने से खुद को रिलैक्स करने में मदद मिलती है, और यह सामाजिक बंधन बनाने का एक शानदार तरीका है। अक्सर यह माना जाता है कि शिकायत करने से आपको तनाव दूर करने में मदद मिलती है, लेकिन ऐसा नहीं है!

**क्या शिकायत करना आपके दिमाग को नेगेटिव बना देता है?**

कनाडा के न्यूरोलॉजिस्ट डोनाल्ड हेब के अनुसार, शिकायत करना आपके मस्तिष्क को नकारात्मक बना देता है, खासकर एक न्यूरोलॉजिकल स्तर पर। यह आपके मस्तिष्क को इतना प्रभावित करता है कि नकारात्मक सोच और वाणी दोनों ही आप का अभिन्न अंग बन जाते हैं, इतना कि आप नकारात्मकता की तलाश करने लगते हैं।ऐसा इसलिए है क्योंकि आप इसके अभ्यस्त हैं! इसका मतलब है कि आपको निर्णय लेना या समस्याओं को हल करना कठिन लगता है, क्योंकि तनाव के कारण आपका दिमाग चकरा जाता है। इसके अलावा, स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शोध के अनुसार, शिकायत करने से हमारा हिप्पोकैम्पस छोटा हो जाता है। और फिर, शिकायत करने से नकारात्मक तंत्रिका मार्ग मजबूत होते हैं।

## क्या बीजेपी को होगा महिला आरक्षण बिल से फायदा

केंद्र सरकार ने जब संसद का विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की तो दिल्ली का राजनीतिक पारा चढ़ गया और कयास के बादल मंडराने लगे कि अचानक विशेष सत्र क्यों बुलाया गया। महिला आरक्षण विधेयक लाने की घोषणा के बाद यह साफ हुआ कि सरकार की मंशा 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महिला वोटरों में पैठ बनाने की कोशिश है। लेकिन यह बिल लागू होगा 2029 से। अब विपक्ष सवाल कर रहा है कि इसे 2029 तक क्यों टाला जा रहा है। उसकी मांग है कि 2024 लोकसभा चुनाव से ही इसे लागू होना चाहिए।वैसे राजनीति अपनी जगह, लेकिन 27 साल के लंबे इंतजार के बाद महिला आरक्षण विधेयक का संसद से पारित हो जाना वाकई ऐतिहासिक है। संयोग देखिए, 27 साल से धूल फांकते इस बिल की किस्मत नई संसद में खुली है। इस बिल के कानून बन जाने और लागू होने के बाद संसद के स्वरूप में महत्वपूर्ण बदलाव दिखेंगे।लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या 82 से बढ़कर 181 हो जाएगी।इस बिल में आरक्षण की अलग से कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# क्या बीजेपी को होगा महिला आरक्षण बिल से फायदा

केंद्र सरकार ने जब संसद का विशेष सत्र बुलाने की घोषणा की तो दिल्ली का राजनीतिक पारा चढ़ गया और कयास के बादल मंडराने लगे कि अचानक विशेष सत्र क्यों बुलाया गया। महिला आरक्षण विधेयक लाने की घोषणा के बाद यह साफ हुआ कि सरकार की मंशा 2024 लोकसभा चुनाव के मद्देनजर महिला वोटरों में पैठ बनाने की कोशिश है। लेकिन यह बिल लागू होगा 2029 से। अब विपक्ष सवाल कर रहा है कि इसे 2029 तक क्यों टाला जा रहा है। उसकी मांग है कि 2024 लोकसभा चुनाव से ही इसे लागू होना चाहिए।वैसे राजनीति अपनी जगह, लेकिन 27 साल के लंबे इंतजार के बाद महिला आरक्षण विधेयक का संसद से पारित हो जाना वाकई ऐतिहासिक है। संयोग देखिए, 27 साल से धूल फांकते इस बिल की किस्मत नई संसद में खुली है। इस बिल के कानून बन जाने और लागू होने के बाद संसद के स्वरूप में महत्वपूर्ण बदलाव दिखेंगे।लोकसभा में महिला सदस्यों की संख्या 82 से बढ़कर 181 हो जाएगी।इस बिल में आरक्षण की अलग से कोई व्यवस्था नहीं की गई है।दलित और आदिवासियों के लिए जितनी सीटें लोकसभा और विधानसभा के लिए आरक्षित हैं, उनमें से 33% इस समुदाय की महिलाओं के लिए निर्धारित हो जाएंगी।ओबीसी समुदाय के लिए आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। हालांकि ओबीसी आरक्षण की मांग के चलते यह बिल इतने समय लटका रहा।इस बिल के तहत महिला आरक्षण 15 साल के लिए मिलेगा। उसके बाद इसे जारी रखने के लिए फिर से बिल लाना होगा। दिलचस्प है कि आजादी के आंदोलन में अच्छी भागीदारी के बावजूद आजादी के बाद महिलाओं को राजनीति में ठीकठाक नुमाइंदगी नहीं मिल सकी। आज भी लोकसभा में महिलाओं की भागीदारी करीब 15 फीसदी और राज्यसभा में 13 फीसदी ही है। लोकसभा में 15 फीसदी की भागीदारी भी पहली बार 2019 के चुनाव में ही हो पाई। 1977 में जेपी आंदोलन के बावजूद महिला का प्रतिनिधित्व सबसे खराब स्तर पर था, महज 3.5 फीसदी।ऐसे में महिला आरक्षण बिल की अहमियत जगजाहिर है। लेकिन इसकी अब तक की यात्रा भी बड़ी दिलचस्प रही। इसे 1996 में तैयार किया गया था, लेकिन यह शुरू से ही विवादों में फंसा रहा।पहली दफा विरोधी नेताओं ने इसे पेश ही नहीं करने दिया।उसके बाद 1998 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंद्र कुमार गुजराल ने कोशिश की तो उनकी ही पार्टी के लोगों ने उन्हें खरी खोटी सुनाई, जिनमें उनकी सरकार के मंत्री शरद यादव प्रमुख थे। उसी साल बनी अटल बिहारी वाजपेयी सरकार ने भी इसे पेश करने की कोशिश की, लेकिन समाजवादी पार्टी के सांसदों ने इसे सदन में फाड़ डाला। कानून मंत्री थंबी दोरई की कमीज भी फाड़ दी गई।2000 में कानून मंत्री रामजेठमलानी ने बिल तो पेश कर दिया, लेकिन पास नहीं करवा पाए।प्रधानमंत्री वाजपेयी ने महिला आरक्षण पर सहमति के लिए 3 मार्च, 2002 को सभी दलों की बैठक बुलाई।


राम गोपाल सैनी

# ग्राम पंचायत मोरीजा में हुआ इंदिरा रसोई का भव्य शुभारम्भ

**चौमूं (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत मोरीजा बस स्टैंड स्थित इंदिरा रसोई ग्रामीण का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व विधायक भगवान सहाय सैनी व मोरीजा सरपंच मंगल चंद सैनी की अध्यक्षता में किया गया ।सरपंच मंगल चंद सैनी ने बताया कि राजस्थान सरकार द्वारा चलाए जा रही योजना कोई भूखा नहीं सोए के तहत गरीब एवम मध्यम वर्ग के परिवारों को 8 रुपए में भरपूर पौष्टिक व स्वादिष्ट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा जिससे गरीब व्यक्ति दो वक्त का खाना अच्छी तरह से प्राप्त हो सकेगा । इस मौके पर पंचायत समिति विकास अधिकारी भागीरथ मल मीणा, एईएन महावीर प्रसाद, जेईएन मनीष जाट, ,ग्राम विकास अधिकारी मामराज शर्मा, पूर्व कृषि मंडी सदस्य अशोक कुमार मीणा, हस्तेडा सरपंच कजोड़ मल यादव, अनुपम आत्रेय, वार्ड पंच कन्हैया लाल सैनी, मुकेश कुमार सैनी, प्रकाश चंद सैनी, राम अवतार मीना, किशन लाल बागोरिया, सुरेश मेहता, छीतरमल सैनी, ठेकेदार रामेश्वर प्रसाद जाट, स्वयं सहायता समूह से कर्मा देवी, गिरधारी लाल सैनी सहित कई ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।



# मेट्रोपोलिस लेबोरेट्री का हुआ भव्य शुभारंभ

**जयपुर (हमारा वतन)।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वास्थ्य जांच की सुविधा प्रदान करने वाली मेट्रोपोलिस लैबोरेट्री का भव्य शुभारंभ आज जयपुर रोड, बराला हॉस्पिटल के पास हुआ । लेबोरेट्री का शुभारंभ चंदा राम माली और लक्ष्मण शेरावत ने अपने कर कमलों से किया । लेबोरेट्री संचालक उत्तम सैनी और राकेश जैरी ने बताया कि हमारे यहां ब्लड से संबंधित सभी प्रकार की जांच उपलब्ध रहेगी । अब किसी भी मरीज को जांच के लिए जयपुर शहर में जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी । गंभीर मरीजों के लिए होम कलेक्शन की सुविधा भी रहेगी । हमारे यहां प्रत्येक रविवार को शुगर, कोलेस्ट्रॉल हीमोग्लोबिन की जांच फ्री की जाएगी । शुभारंभ के अवसर पर विधायक रामलाल शर्मा, कांग्रेस नेत्री डॉक्टर शिखा मील बराला, छुट्टन यादव, डॉक्टर हनुमान बराला बंशीधर सैनी, श्याम शर्मा, डॉक्टर श्रवण बराला, शंकर गौरा, कोटपूतली नगर पालिका अध्यक्ष पुष्पा सैनी, शंकर डागर, विकास थागण उमेश सैनी, नरेंद्र शर्मा, डॉक्टर रचित गुप्ता कल्याण सहाय सैनी, डॉक्टर मुखराम देवंदा, डॉक्टर अजीत सिंह शेखावत, डॉक्टर हरि बल्लभ सैनी, डॉक्टर एल एन रूंडला, डॉक्टर प्रदीप यादव, पूर्व अध्यक्ष नानूराम सैनी सहित सैकडौं लोग मौजूद रहे ।




# उदयवीर सिंह यादव ने हासिल किए माय गॉव क्विज़ प्रतियोगिता में सर्वाधिक प्रमाण पत्र

**जयपुर (हमारा वतन)।** माय गॉव क्विज़ प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक प्रमाणपत्र प्राप्त करने का रिकॉर्ड जयपुर, राजस्थान के उदयवीर सिंह यादव जन्म 27 अक्टूबर, 1969 ने बनाया है । उदयवीर सिंह यादव (पूर्व सैनिक) ने विश्व ऊर्जा क्विज, राष्ट्रीय एकता दिवस क्विज, साइबर सुरक्षा जागरूकता क्विज, मोबाइल सुरक्षा क्विज, गुडनेस ऑफ बाजरा, आजादी क्वेस्ट, सहित भारत सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न क्विज प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए 351 प्रमाण पत्र हासिल किए है। भारत में चीता, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रश्नोत्तरी 2.0, योग से आयु प्रश्नोत्तरी, भारत की लोक चित्रकला प्रश्नोत्तरी, स्वराज प्रश्नोत्तरी, डेटा गोपनीयता प्रश्नोत्तरी, जन औषधि प्रश्नोत्तरी, सशस्त्र बलों में महिला सशक्तिकरण भागीदारी, आजादी का अमृत महोत्सव प्रश्नोत्तरी, और चन्द्रयान - 3 क्विज प्रतियोगिता में प्रमाण पत्र हासिल किए हैं। उदयवीर सिंह यादव के पास बैज चेंज मेकर और क्विज़ पॉइंट 575750 हैं।



## नृत्य की दुनिया में चमत्कार - 76 वर्ष की उम्र में आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने कत्थक नृत्य की प्रस्तुति


**जयपुर (हमारा वतन)।** नाद नर्तन द्वारा आयोजित, म्यूजिक एंड टेक्नोलॉजी की 3 दिवसीय सेमिनार, मिनिस्ट्री ऑफ़ कल्चर, गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया और एस एस जी पारीक पी जी कॉलेज जयपुर के तत्वावधान में पारीक कालेज के सेमिनार हाल के अंदर संपन्न हुई है। इसमें आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया ने कत्थक नृत्य की प्रस्तुति दी । जिसको देखकर सभी दर्शकों और प्रतिभागियों ने भूरी भूरी प्रशंसा की है और कहा है कि 76 वर्ष की उम्र में इस प्रकार से नृत्य प्रस्तुत करना एक बहुत बड़ी साधना है। इससे देश के लाखों युवाओं को ही नहीं बल्कि अधेड़ और बुजुर्ग लोगों को प्रेरणा मिलेगी, सीखने की कोई उम्र नहीं होती है। भारतीय संगीत और नृत्य के आकाश में एक नया सितारा उभरकर सामने आया है, जिसने इतनी भाव प्रवीणता के साथ भगवान शंकर जी को अपना यह नृत्य समर्पित किया है।






## दीपक जलायेंगे (कविता)

अंधेरा गर हुआ हम दीपक जलायेंगे
तमस के शहर में रोशनी बहायेंगे
गिरेगी बिजलीयां बरसात होगी
चौक पर फिर भी मशाले जलायेंगे
उठेगी कलम तो सिर्फ सच लिखेगी
हम झूठ को पकड़ कर नकाब हटायेंगे
गरीबी कंगाली बैरोजगारी लाचारी
मिलाकर सब की होली जलायेंगे
पता है हमें हवाएं बहेगी
दीपक बुझाने को
हम उठेंगें फिर से दीपक जलायेंगे।


विनोद शर्मा वेणु
सिकर

## च्वाइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट ने की राजस्थान सरकार के साथ साझेदारी

**नई दिल्ली ।** च्वाइस इंटरनेशनल लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी च्वाइस कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड ने राजस्थान सरकार के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा की है। यह साझेदारी राजस्थान में आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और सामाजिक समावेशिता को और आगे बढ़ाने के लिहाज से की गई है। साथ ही, यह रणनीतिक सहयोग राजस्थान को रोजगार सृजन, सतत विकास और एक प्रमुख निवेश केंद्र बनाने से संबंधित महत्वपूर्ण विजन की दिशा में उठाया गया एक और कदम है।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
सहायक सम्पादकः राकेश तिवाड़ी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमू शहर होगा